दिनांक- 11.10.2021

प्रेस विज्ञप्ति

सीएमडी/सीआईएल ने रेलटेल द्वारा उपलब्ध कराए गए वेस्टर्न कोल्फील्ड लिमिटेड (WCL) की 388 लोकेशनों पर एमपीएलएस वीपीएन लिंक का उद्घाटन किया

यह एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क कोयला क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने में योगदान दे रहा है
परियोजना की कुल लागत 150 करोड़ रु. (एएमसी सहित)है

श्री प्रमोद अग्रवाल, सीएमडी/कोल इंडिया ने रेलटेल द्वारा उपलब्ध कराए गए एमपीएलएस वीपीएन लिंक्स के माध्यम से वेस्टर्न कोल फील्ड्स (**WCL**) लिमिटेड की 388 लोकेशनों को कनेक्ट करने वाली परियोजना का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन समारोह सीएमडी/डब्ल्यूसीएल और डब्ल्यूसीएल और रेलटेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नागपुर में आयोजित किया गया था। इस परियोजना को 150 करोड़ रुपये की कुल लागत पर क्रियान्वित किया गया है जिसमें वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध भी शामिल है।

रेलटेल ने हाल ही में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की 146 लोकेशनों, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के 240 लोकेशनों और नॉर्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स के 4 लोकेशनों को भी सुरक्षित एमपीएलएस-वीपीएन नेटवर्क पर कनेक्ट करने का कार्य पूरा किया है। इस कार्य की कीमत 136 करोड़ रु. है जिसमें नेटवर्क का एएमसी (वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध) भी शामिल है।

रेलटेल देश भर में कोल इंडिया और सीएमपीडीआई सहित इसकी सभी सहायक कंपनियों के लिए सुरक्षित कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है। वर्तमान में रेलटेल कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों के लिए 1800 से अधिक लोकेशनों पर एमपीएलएस वीपीएन कनेक्टिविटी उपलब्ध करा रही है और यह संख्या बढ़ रही है। यह एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क कोयला क्षेत्र को अधिक कुशल, पारदर्शी बनाकर और मैनुअल रिकॉर्ड रखने के कार्य को कम करके उत्पादकता में वृद्धि करके डिजिटलीकरण को सक्षम कर रहा है। रेलटेल द्वारा निर्मित और अनुरक्षित यह नेटवर्क कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) में एकल इंस्टेंस ईआरपी के क्रियान्वयन के लिए भी एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है - जिसे 'प्रोजैक्ट पैशन' नाम दिया गया है जो दक्षता और उत्पादकता को और बढ़ाएगा।

इस परियोजना के बारे में बात करते हुए श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल ने कहा, "कोयला क्षेत्र हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इस वर्ष केवल जनवरी, 2021 से, हमें कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों से 700 करोड़ रुपये से अधिक का ऑर्डर मिला है। हम नवंबर के अंत तक सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के लिए लगभग 380 एमपीएलएस वीपीएन लिंक चालू करने की उम्मीद करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि पूरे क्षेत्र में डिजिटलीकरण पर बल दिए जाने को देखते हुए इस क्षेत्र से राजस्व में और वृद्धि होगी।"

एमपीएलएस वीपीएन के अलावा, रेलटेल कोयला कंपनियों को लीज लाइन सेवाएं, इंटरनेट बैंडविड्थ, सीसीटीवी क्रियान्वयन, एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, लैन/वैन (LAN/WAN) कनेक्टिविटी आदि भी उपलब्ध कराती है।

रेलटेल के बारे में

रेलटेल एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों एवं शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्रालय में पैनलबद्ध दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल भारतीय रेलों के साथ मिलकर भारत भर में सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी कर रही है और कुल 6050 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से सज्जित हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें-

sucharita@railtelindia.com